


डाक पंजीयन क्र. L/ RNP/म.प्र./ मन्दसौर/122/ 2024- 26
ई-पेपर www.guruexpress.live
बात आपकी, शब्द हमारे
# गुरु एक्सप्रेस
सुबह का अख़बार
संपादक – आशुतोष नवाल
वर्ष 18 | अंक 209 | पृष्ठ 4 | मन्दसौर | सोमवार 13 मई 2024 | मूल्य 2 रुपया




## इस बार नौतपा में भी बारिश की संभावना

### 25 मई से 2 जून तक तपेगी रोहणी

**मंदसौर, 12 मई गुरु एक्सप्रेस। मौसम इस बार आमजन के पूरे मजे ले रहा है। इसका कारण है कि सुबह और दोपहर तगड़ी धूप और गर्मी तो शाम या रात को फिर मौसम में बदलाव शुरु हो जाता है। बारिश और हवाओं का दौर वर्षाकाल का अहसास करा रहा है। दो दिन और ऐसा ही मौसम बने रहने का अनुमान है।**

रविवार को भी दोपहर में गर्मी से लोग परेशान थे तो शाम को कहीं तेज बारिश तो कहीं बूंदाबांदी हुई। जिससे गर्मी का असर कम हो गया। अब बात करें नौतपा की तो सीजन में सबसे ज्यादा तपने वाला नौतपा हर साल की तरह इस बार भी 25 मई से 2 जून तक रहेगा। इस बार नौतपा में गर्मी के साथ बादल-बारिश का मौसम भी रहने की आशंका है। मौसम वैज्ञानिकों की मानें तो अप्रैल में जिस तरह बादल-बारिश का मौसम है, यह प्री मानसून गतिविधि नौतपा में भी जारी रह सकती है। हमारे यहां धार्मिक मान्यताओं और परंपरागत रूप से यह अवधि नौतपा अर्थात रोहणी की मानी जाती है। रोहणी का गलना अर्थात इस दौरान बारिश होने को अशुभ माना जाता है। मौसम विज्ञान में इसका उल्लेख नहीं है। मौसम केंद्र के सीनियर साइंटिस्ट डॉ. वेद प्रकाश सिंह ने बताया कि 25 मई से 2 जून के बीच कुछ मौसमी सिस्टम सक्रिय रहेंगे। यह सिस्टम प्री मानसून बारिश कराएंगे। बीच में दो या तीन दिन तेज गर्मी पड़ सकती है। इस दौरान दिन का तापमान 43- 44 डिग्री तक पहुंच सकता है।

### यह है नौतपा का 12 साल का इतिहास...

वर्ष 2018 में सबसे गर्म नौतपा था। तब नौतपा का औसत तापमान 43.8 डिग्री रहा था। जबकि, 12 साल में सिर्फ 3 बार ही नौतपा का औसत तापमान 43 डिग्री से ज्यादा रहा। सिर्फ एक बार 2023 में नौतपा का औसत 40 से कम रहा। इस बार की स्थिति भी कुछ अलग हो सकती है।



# चुनावी महायज्ञ में लाखों लोग आज देंगे आहुती

## पूरे समय मौन रहा मतदाता, ईवीएम को बताएगा अपना फैसला..?



**मंदसौर, 12 मई गुरु एक्सप्रेस।** देश के आमचुनाव के चौथे चरण के चुनावी महायज्ञ में आज सोमवार को प्रदेश की 8 लोकसभा सीटो पर जनता अपनी आहूती देगी। आज मतदाता अपना फैसला गुप्त रूप से ईवीएम को बताएगा। इधर पुलिस और प्रशासन पूरी तरह तैयार है तो दोनो प्रमुख राजनीतिक दलो के प्रत्याशियो की रविवार-सोमवार की रात आंखो से नींद गायब रही।

नीमच-मंदसौर संसदीय क्षेत्र के लिए आज 13 मई को मतदान होगा। जिला निर्वाचन कार्यालय ने इसकी तैयारियां पूरी कर ली है। रविवार सुबह मतदान दलों को चुनाव सामग्री वितरण कर सुरक्षा के बीच रवाना किया गया। जिले की चार विधानसभाओं के लिए मंदसौर, सीतामऊ व गरोठ से मतदान दलों को रवाना किया गया। सुबह शहर के पीजी कॉलेज से मतदान दलों को मतदान



सामग्री वितरण कर रवाना किया गया। मंदसौर लोकसभा क्षेत्र मंदसौर जिले की 4, नीमच की 3 और रतलाम की 1 जावरा विधानसभा सीट को मिलाकर बना है। इसमें मन्दसौर, मल्हारगढ, सुवासरा, गरोठ, नीमच, मनासा, जावद और जावरा विधानसभा सीट शामिल है।

### कैसे होगी ज्यादा वोटिंग...

इन दिनो बड़ी संख्या में लोग लगातार छुट्टियो को देखते हुए परिवार सहित तीर्थयात्रा या पर्यटन के लिए निकल रहे है। बीती 8 मई से लेकर 12 मई तक मंदसौर सहित अंचल से करीब 25 बसे तीर्थ यात्रा पर रवाना हो गई है। मजे की बात तो यह है कि इन सबके परमिट भी मंदसौर आरटीओ ने ही काटे है। जबकि, उन्हें भी पता है कि 13 मई को मतदान है और यदि इतने लोग बाहर गए तो मतदान का प्रतिशत गिरेगा। आश्चर्य यह भी है कि आंगनवाड़ी और पंचायत सचिव भी लोगो को बाहर जाने से रोक नहीं पाए?

### 19 लाख के करीब है मतदाता...

संसदीय क्षेत्र में 18 लाख 92 हजार 12 मतदाता है। इनमें 9 लाख 55 हजार 347 पुरुष व 9 लाख 36 हजार 639 महिला मतदाता शामिल है। जबकि, थर्ड जेंडर की संख्या 26 है। जेंडर रेशों 980.14 है। सोमवार को होने वाले मतदान के लिए संसदीय क्षेत्र में 2 हजार 151 मतदान केंद्र बनाए गए हैं।

### मंदसौर की चार विधानसभा सीटों में है 10 लाख से ज्यादा मतदाता...


मंदसौर जिले में कुल 10 लाख 44 हजार 647 मतदाता है। इनमें 5 लाख 27 हजार 255 पुरुष व 5 लाख 17 हजार 380 महिला मतदाता शामिल है। थर्ड जेंडर की संख्या 12 है। जिले में 1 हजार 133 पोलिंग बूथ बनाए गए है। इनमें 211 आदर्श मतदान केंद्र बनाए गए है। संवेदनशील मतदान केंद्रों की संख्या 167 है। मतदान सम्पन्न करवाने के लिए कुल 468 वाहनों को अधिग्रहित किया गया है।



**बसों में रही भीड़**–लोकसभा चुनाव में मतदान दलों को उनके पोलिंग बूथ पर पहुंचाने हेतु बसों का अधिग्रहण होने से बस स्टेण्ड पर बसों की संख्या कम रही। आवाजाही के लिए बसें कम होने की वजह से प्राईवेट बसों व रोड़वेज की बसों में भारी भीड़ रही, जिससे यात्रियों को परेशानी का सामना करना पड़ा।

## मातेश्वरी कार केयर के गैरेज में लगी आग

### तीन कारें और सामान जला, जनहानि नहीं



**दलौदा, 12 मई गुरु एक्सप्रेस।** क्षेत्र के फोरलेन स्थित भावगढ़ फंटे के पास शनिवार रात एक कार गैरेज में अचानक आग लग गई। आसपास के रहवासियों ने पुलिस को सूचना दी। करीब डेढ़ घंटे बाद पहुंची नगरी नगर परिषद की दमकल से आग पर काबू पाया गया, लेकिन तब तक गैरेज में खड़ी तीन कारें जलकर राख हो गई।

मिली जानकारी के अनुसार शनिवार की रात करीब 10:30 बजे भावगढ़ फंटा महू नीमच फोरलेन हाईवे के समीप स्थित मातेश्वरी कार केयर के गैरेज में भीषण आग लग गई। इसकी सूचना स्थानीय लोगो ने पुलिस को दी। आग इतनी भीषण थी कोई कुछ कर नहीं पाया। लगभग डेढ घंटे बाद नगरी नगर परिषद का एक दमकल वाहन मौके पर पहुंचा। तब तक गैरेज में खड़ी तीन कारें और गैरेज में रखा सामान जलकर राख हो गया। किसी तरह दमकल कर्मियों ने सुलग रही कारों पर पानी डालकर आग बुझाई। प्राथमिक तौर पर आग लगने का कारण शार्ट सर्किट बताया जा रहा है। इस आग में कितना नुकसान हुआ इसका आकलन किया जा रहा है।

### फायर फायटर नहीं, इसलिए ज्यादा होता नुकसान

दलौदा ग्राम पंचायत जिले की सबसे बड़ी ग्राम पंचायत है। हाईवे से लगा यह कस्बा बड़ा व्यपारिक केंद्र है ,बड़ी कृषि मंडी से जुड़ा है। नगर में आगजनी की कई घटनाएं हो चुकी है। हर बार नगरी या मंदसौर से दमकल वाहन बुलाना पड़ता है। सूचना के बाद दमकल को पहुंचने में करीब 1 घण्टे से ज्यादा का वक्त लगता है। जब तक दमकल पहुंचती है, नुकसान का दायरा बढ़ जाता है। पूर्व विधायक यशपाल सिंह सिसोदिया ने कृषि मंडी में स्थायी दमकल के लिए काफी प्रयास किए थे। लेकिन, मंडी बोर्ड ने इसकी अनुमति नहीं दी। चुनाव में उन्हें मिली शिकस्त के बाद यह मामला ठंडे बस्ते में चला गया। हालांकि, आम जन को उम्मीद है कि श्री सिसौदिया अब भी क्षेत्र की जनता के लिए अपने प्रयास में कोई कमी नहीं छोड़ेंगे।

## ट्रैक्टर ने मारी बाइक को टक्कर, महिला की मौत, पति घायल

**मनासा, 12 मई गुरु एक्सप्रेस।** थाना क्षेत्र के गांव बड़कुआ के पास बरथून फंटे पर रविवार को हुए एक सड़क हादसे में ट्रेक्टर चालक ने लापरवाही पूर्वक वाहन चलाकर बाईक सवार को टक्कर मार दी। इस दुर्घटना में बाइक सवार महिला की घटनास्थल पर ही दर्दनाक मौत हो गई। जबकि, बाइक चला रहा महिला का पति गंभीर रूप से घायल हो गया। वही घटना के बाद आरोपी ट्रैक्टर चालक मौके से फरार होने में कामयाब रहा।

दरसल भादवा माता निवासी किशनलाल पिता रतनलाल रैगर उम्र 55 साल अपनी पत्नी प्रेमबाई रैगर उम्र 52 साल के साथ रविवार सुबह करीब 11 बजे बाइक से मांगलिक कार्यक्रम में बड़कुआ जा रहे थे। इसी दौरान गांव बरथुन फटे पर तेज रफ्तार ट्रैक्टर चालक ने बाईक सवारो को टक्कर मार दी। जिसमें प्रेम बाई की मौके पर ही मौत हो गई। जबकि, किशन लाल रैगर गंभीर रूप से घायल हो गए। मौके पर पहुंची 108 एंबुलेंस से दोनों को मनासा के सरकारी अस्पताल लाया गया। जहां गंभीर रूप से घायल किशन लाल रेगर को नीमच बड़े अस्पताल रेफर किया गया है। वहीं महिला के शव का मनासा के सरकारी चिकित्सालय में पोस्टमॉर्टम किया गया। पोस्टमॉर्टम के बाद के बाद शव परिजनों के सुपुर्द कर दिया गया है। मामले में पुलिस में मर्ग कायम कर जांच शुरू कर दी है।

## युवक ने फांसी लगाई, मौत

**नीमच, 12 मई गुरु एक्सप्रेस।** शहर के केंट थाना क्षेत्र के विनोबा गंज में शनिवार देर रात्रि एक 24 वर्षीय युवक ने अज्ञात कारणो के चलते फांसी लगाकर अपनी जीवन लीला समाप्त कर ली।

बड़े अस्पताल से प्राप्त जानकारी के अनुसार शहर के विनोबा गंज निवासी एक 24 वर्षीय युवक गौरव पिता विनोद जाति कुजबंधिया ने अज्ञात कारण के चलते अपने घर मे फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। घटना के बाद तत्काल परिजन युवक को फांसी के फंदे से उतार कर बड़े अस्पताल ले गए।। जहां चिकित्सकों ने युवक को मृत घोषित कर दिया। वहीं रविवार को बड़े अस्पताल में युवक के शव का परिजनों की मौजूदगी में पोस्टमॉर्टम किया गया। पोस्टमॉर्टम के बाद शव परिजनों के सुपुर्द कर दिया गया है। मामले में पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच शुरू कर दी है।

### रिंगनोद के धतरावदा के पास किसान को लूटा था...

## अफजलपुर थाना क्षेत्र के आरोपियों को पुलिस ने पकड़ा

**रतलाम, 12 मई गुरु एक्सप्रेस।** जिले की रिंगनोद थाना पुलिस ने जावरा के पास स्थित अरनिया पीथा कृषि उपज मंडी में फसल बेचकर जा रहे किसान को लूटने के मामले का पर्दाफाश कर दिया है। पुलिस के अनुसार लूट की वारदात मंदसौर जिले के अफजलपुर थाना क्षेत्र के दो युवकों ने की थी। दोनों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से लूटे गए 80 हजार रुपये व वारदात में उपयोग की गई बाइक जब्त की गई है।

पुलिस के अनुसार रिंगनोद थाना क्षेत्र के ग्राम धतरावदा के पास 07 मई को ट्रैक्टर-ट्राली लेकर जा रहे किसान 52 वर्षीय भेरूलाल नायक पिता भंवरलाल नायक निवासी ग्राम बोलिया जिला मंदसौर से दो युवक 80 हजार रुपये लूटकर भाग गए थे। सूचना मिलने पर रतलाम पुलिस कप्तान श्री राहुल



कुमार लोढा के निर्देशन तथा एएसपी राकेश खाखा व जावरा एसडीओपी शक्तिसिंह चौहान के मार्गदर्शन में आरोपियो का पता लगाकर उन्हें गिरफ्तार करने के लिए रिंगनोद थाना प्रभारी पतिराम डावरे के नेतृत्व में टीम गठित की गई थी। टीम ने घटनास्थल का निरीक्षण कर आसपास के सीसीटीवी कैमरो के फुटेज चेक किए। फुटेज में संदिग्ध दो युवक बाइक एमपी 14 जेड 5262 पर जाते दिखाई दिए। जांच के दौरान पता चला कि फुटेज में आए आरोपी 20 वर्षीय पवन आंजना पिता भगवतीलाल आंजना निवासी ग्राम खजुरिया आंजना हाल मुकाम ग्राम रातीखेडी थाना अफजलपुर जिला मंदसौर व 22 वर्षीय यशवंत आंजना पिता गोवर्धनलाल आंजना निवासी रातीखेडी है। यह भी पता चला कि लूट की वारदात उन्होंने की होगी। इसके बाद पुलिस ने उनकी तलाश की और दबिशें देकर दोनों को हिरासत में लेकर पूछताछ की तो पहले वे वारदात करने से मना करते रहे। लेकिन, जब सख्ती से पूछताछ की तो उन्होंने वारदात करना स्वीकार की।

दरअसल किसान भेरूलाल नायक बीती 7 मई 2024 को सुबह ट्रैक्टर-ट्राली में गेहूं व अलसी भरकर बेचने के लिए अपने 10 वर्षीय पुत्र करण के साथ अरनिया पीथा कृषि मंडी गए थे। गेहूं व अलसी बेचने पर उन्हें 80 हजार रुपये मिले थे, जो उन्होंने अपने कुर्ते की जेब में रख लिए थे। इसके बाद शाम को वे पुत्र के साथ ट्रैक्टर-ट्राली से कांकरवा-बोलिया मार्ग होकर कच्चे रास्ते से घर लौट रहे थे। तभी रास्ते में रिंगनौद थाना क्षेत्र के ग्राम धतरावदा के समीप पीछे से बाइक पर आए दो बदमाशों ने उनसे यह कहकर ट्रैक्टर रुकवाया था कि ट्रैक्टर के पीछे कुछ फंस गया है। उन्होंने ट्रैक्टर रोका, तभी बदमाश उनके पास पहुंचे तथा उनकी जेब से 80 हजार रुपये निकाल कर मंदसौर की तरफ भाग गए थे।

### घर में छिपाकर रखे थे रुपये...

घटना के बाद आरोपी पवन व यशवंत ने रुपयों का बंटवारा कर आधे-आधे रुपये लेकर अपने घरों में छिपाकर रखे थे। पुलिस दल उन्हें उनके घर ले गया और उनके बताए स्थानों से 40-40 हजार रुपये बरामद किए। आरोपियो का आपराधिक रिकार्ड भी पुलिस तलाश रही है। वहीं आरोपियो से अन्य वारदातों के बारे में पूछताछ की जा रही है।

## खुले आम घूम रहे जिलाबदर आरोपी, पुलिस की छवि हो रही धूमिल

**राजू सोनी**

**नाहरगढ़, 12 मई गुरु एक्सप्रेस।** नाहरगढ़ थाना क्षेत्र में टीआई श्री आरसी दांगी के नेतृत्व में कानून व्यवस्था चौपट होती दिखाई दे रही है। ऐसा ही मामला गत दिवस देखने को मिला है। इस मामले में जनचर्चा ने भी नाहरगढ़ थाने के कारिंदो की कर्तव्यपरायणता पर प्रश्न चिन्ह खड़े किए? हुआ ऐसा की जिला बदर का आरोपी नितेश पिता जगदीश बाछड़ा शुक्रवार सुबह 11 बजे नाहरगढ़-बिल्लोद अपनी शराब की दुकान पर सड़क मार्ग से आया और कुछ मिनट वहां पर बैठा रहा। उसके बाद फिर शनिवार सुबह नाहरगढ़-बिल्लोद सड़क से होता हुआ थाने के सामने से गुजरा। जग्गाखेड़ी से डिगांव की और निकला जहां लोगो ने देखा। किंतु नाहरगढ़ पुलिस टीआई के नेतृत्व में कोई कार्रवाई करना उचित नहीं समझ रही है। आखिर ऐसा क्यों हो रहा है, यह माजरा जनता के समझ में नहीं आ रहा है?

क्षेत्र का बड़ा आरोपी वह भी जिला बदर का और उसका दिनदहाड़े खुले आम घूमना और थाने के जिम्मेदार का हाथ पर हाथ रखकर बैठे रहना। यह किसी के समझ में नहीं आ रहा? यदि नाहरगढ़ टीआई से बात करें तो वह बड़े चतुर खिलाड़ी है। जानकर भी अनजान बनते है। उनको सब पता होता है, किंतु वह ऐसे हाव-भाव बनाते है, जैसे इनको कुछ पता ही नहीं है? थाने में इतना कमजोर टीआई पहले क्षेत्र की जनता ने नही देखा! जो अपने ही थाना क्षेत्र में सक्रिय नही है? थाने की कानून व्यवस्था पूरी तरह चौपट दिखाई दे रही और जिला बदर के आरोपी थाने के सामने से गुजर रहे है। इससे बड़ी विडंबना नाहरगढ़ थाने के लिए और क्या होगी। जनता तो यही



कह रही है की नाहरगढ़ में पुलिस व्यवस्था पूरी तरह फ्लाप है और यहां के जिम्मेदार अधिकारी अपने कर्तव्यों के प्रति जवाबदर नही है? पुलिस आखिर ऐसे आरोपियो से इतनी दबी हुई क्यों है? यह बात भी किसी की समझ में नहीं आ रही है। अब आज खबर पढ़कर औपचारिक कार्यवाही की जाएगी और यह कह दिया जाएगा कि मतदान के जिला बदर आरोपी मतदान के लिए आया था!

# जिले के 743 मतदान केन्द्रों पर मतदान सामग्री के साथ पहुंचे मतदान दल, आज होगा मतदान

## कलेक्टर ने अपनी देख-रेख में सामग्री वितरीत कराई, प्रेक्षक सिद्दीकी ने निरीक्षण किया, मतदान दलों के सामग्री वितरण की बेहतर व्यवस्था को सराहा





**नीमच, 12 मई गुरु एक्सप्रेस।** लोकसभा निर्वाचन-2024 के तहत आज 13 मई को होने वाले निर्वाचन में मतदान के लिए रविवार को नीमच जिले के सभी तीनों विधानसभा क्षेत्रों के निर्धारित मतदान केन्द्रों के लिए सामग्री लेकर मतदान दल शासकीय पीजी कॉलेज नीमच से निर्धारित वाहनों से रवाना हुए। सुबह 6.00 बजे से सामग्री वितरण कार्य कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी नीमच श्री दिनेश जैन, एसपी श्री अंकित जायसवाल, जिला पंचायत सीईओ श्री गुरूप्रसाद, एडीएम लक्ष्मीह गामड की देखरेख में संबंधित रिटर्निंग आफीसरों ने मतदान दलों को रवाना किया। जनरल आब्जर्वर श्री अबूबक्कर सिद्दीकी पी. ने भी ने मतदान सामग्री वितरण की सुगम व्यवस्था का निरीक्षण किया और सामग्री वितरण की व्यवस्था ओं को सराहा। जिला निर्वाचन कंट्रोल रूम से प्राप्त जानकारी के अनुसार रविवार शाम तक सभी मतदान केंद्रों पर मतदान सामग्री के साथ मतदान दल पहुच गए है।

मतदान सामग्री वितरण स्थल शासकीय पीजी कॉलेज परिसर नीमच में सभी 3 विधानसभा क्षेत्रों की मतदान सामग्री वितरण की सुगम व्यवस्था की गई। मतदान दलों को सामग्री मतदान केन्द्रवार लगाए गए टेबल पर ही



उपलब्ध करवाई गई। मतदान दलों ने जिला प्रशासन व्दारा सामग्री वितरण व्यवस्था के लिए की गई बेहतर व्यवस्था की सराहना की। मतदान दलों को वीवीपेट, बैलेट यूनिट और कंट्रोल यूनिट भी उनके टेबल पर ही पहुँचाई गई, जिससे उन्हीं किसी भी तरह की परेशानी नहीं हुई। लगभग 10.30 बजे से मतदान दल, पुलिस बल के साथ निर्धारित जीपीएस लगे वाहनो से मतदान केन्द्रों के लिए रवाना हुए। पीजी कॉलेज नीमच पर सामग्री वितरण के लिए विधानसभा नीमच, जावद एवं मनासा के लिए अलग-अलग तीन वितरण केन्द्र पर सेक्टरवार काउन्ट र बनाये गये है। इन काउंटर के सामने ही मतदान केन्द्रों की टेबल लगाई गई थी। जहाँ मतदान दलों ने बैठकर, सामग्री प्राप्त की और मिलान भी किया। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री दिनेश जैन, एसपी श्री अंकित जायसवाल, जिला सीईओ श्री गुरूप्रसाद, एडीएम श्रीमती लक्ष्मी गामड,, प्रेक्षक श्री सिद्दीकी ने सामग्री वितरण स्थल का निरीक्षण एवं सामग्री वितरण की व्यवस्थाओं का अवलोकन किया गया। कलेक्टर ने सभी विधानसभा क्षेत्रों के काउंटर की व्यवस्थाओं का जायजा लिया और मतदान दल में लगे अधिकारियों तथा कर्मचारियों से चर्चा कर उनका उत्साहवर्धन किया। कलेक्टर ने सामान्य प्रेक्षक श्री सिद्दीकी को भी संपूर्ण व्यवस्था का निरीक्षण करवाया

**सांची की छाछ पाकर खुश हुए मतदान दलों के सदस्य**-मतदान दलों को मतदान सामग्री वितरण स्थल पर जिला निर्वाचन कार्यालय व्दारा सभी सदस्यों को सांची की ठण्डी छाछ के पैकेट उपलब्ध करवाए गये। सांची की छाछ का पैकेट पाकर मतदान दलों के सदस्य काफी खुश नजर आए।

**ई-रिक्शा से पहुंचे वाहनों तक**-जिला निर्वाचन कार्यालय व्दारा सामग्री वितरण स्थल से वाहन पार्किंग स्थल पर वाहनों तक मतदान दलों के कर्मचारियों को पहुँचाने के लिए ई-रिक्शा की व्यवस्था की गई। मतदान सामग्री प्राप्त करने के बाद महिला मतदान दल दिव्यांग मतदान दल एवं मतदान दलों के अन्य सदस्यों ने मतदान सामग्री प्राप्त् करने के बाद इन ई-रिक्शा वाहनों का उपयोग कर ई-रिक्शाा से जीपीएस लगे वाहनों तक पहुंचे। इस व्यवस्था की भी मतदान दलों के कर्मचारियों ने सराहना की।

पेयजल, चाय, नाश्ताा एवं भोजन की व्यवस्था-कलेक्टर दिनेश जैन के मार्गदर्शन में मतदान दलों को सामग्री वितरण स्थल पर पृथक-पृथक स्थानों पर शीतल पेयजल, चाय, नाश्ता एवं भोजन पैकेट की व्यवस्था भी की गई। मतदान दलों के कर्मचारियों सुरक्षा जवानों ने उक्त सुविधा का लाभ उठाया।

**चिकित्सा के बेहतर इंतजाम**-मतदान सामग्री वितरण केंद्र पर जिला निर्वाचन कार्यालय व्दारा मतदान दलों के सदस्यों और सामग्री वितरण में लगे अधिकारी कर्मचारियों के लिए मय एम्बुलेंस के नीमच, जावद एवं मनासा क्षेत्र के लिए पृथक-पृथक तीन चिकित्सक सहायता केंद्र स्थापित किए गए। इन पर चिकित्सकों की टीम मय आवश्यक दवाईयों के साथ उपलब्ध चिकित्सा टीम ने आवश्यकतानुसार उपचार सुविधाएं प्रदान की।



# सजल पलकों से दे तो दी है तुमको अंतिम विदाई हर पल मां तुम मुझे बहुत याद आई

## दशपुर रंगमंच ने मातृ दिवस पर काव्य गोष्ठी आयोजित की

**मंदसौर, 12 मई गुरु एक्सप्रेस।** नगर की सांस्कृतिक संस्था दशपुर रंगमंच मंदसौर द्वारा मातृ दिवस पर काव्य गोष्ठी का आयोजन किया गया है। कार्यक्रम की अध्यक्षता सकल जैन समाज के पूर्व अध्यक्ष डॉ राजकुमार ने बाकलीवाल की।

काव्य गोष्ठी की शुरुआत चंदा डांगी द्वारा काव्य रचना मेरी मां जिसे मैंने देखा नहीं से हुई। अजय डांगी ने कविता सबके बच्चे बाहर है सूना आंगन है सुनाकर दाद बटोरी। अभय मेहता ने माँ की याद पर रुदन करने वाली कविता सजल पलकों से दे तो दी है तुमको अंतिम विदाई हर पल मां तुम मुझे बहुत याद आई सुनाई। आपने कविता अपने नगमों को अपने गीतों को सरे बाजार नीलाम कर दूंगा व कविता मोहब्बत की राहों पर जमाने का पहरा है दर्द का रिश्ता हमसे बहुत गहरा है को भी सुनाया। नंदकिशोर राठौड़ ने कविता जन्म लेती जिस घड़ी एक जान जमी पर इस घड़ी एक मां भी होती है को सुनाया। डॉ. नीलेश नगायच ने कविता सपनों का घर हम बस आते जाते रहे रोज घर होते हुए भी बेघर रहे सुनाकर तालियां बटोरी। आबिद भाई ने कविता जो बीत गए फिर वह जमाने नहीं आते को सुनाया। ललित बटवाल ने कविता याद रह रह आ रही है रात बीती जा रही है को सुनाया। हिमांशु वर्मा ने कविता उठे हम चले हम लक्ष्य की ओर चाहे हो अंधियारी रातें यह सुहानी भोर को सुनाया। ललिता मेहता ने हरिवंश राय बच्चन की कविता दोस्ती ना कभी इम्तिहान लेती है ना कभी इम्तिहान देती है को बखुबी सुनाया। राजकुमार बाकलीवाल ने हरिओम पवार की देशभक्ति की रचना सीने में गोली लगकर जो आगे चल पड़ते है को सुनाया। नरेंद्र भावसार ने कविता डॉक्टर को आदमी में जन्मजात पेशेंट दिखता है सुनाकर सबको गुदगुदाया। सतीश सोनी ने ने भी अपनी प्रस्तुति दी। काव्य गोष्ठी का संचालन अभय मेहता ने किया व आभार ललिता ने माना।

## कलेक्टर एवं एसपी ने की मतदान की अपील

**नीमच, 12 मई गुरु एक्सप्रेस।** कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री दिनेश जैन एवं पुलिस अधीक्षक श्री अंकित जायसवाल ने जिले के मतदाताओं से 13 मई 2024 को प्रात: 7 बजे से शाम 6 बजे तक मतदान केन्द्र पहुचंकर मतदान अवश्य करने की अपील की है। कलेक्टर एवं एस.पी. ने जिले के सभी मतदाताओं से कहा है, कि सारे काम छोड दो- सबसे पहले वोट दो। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री दिनेश जैन ने कहा कि जिले के दिव्यांग एवं वृद्धजन वरिष्ठ नागरिकों को मतदान के लिए घर से घर तक की सुविधा उपलब्ध रहेगी। उन्होने सभी से मतदान केन्द्रध पहुचंकर अपने मताधिकार का उपयोग करने की अपील की है। मतदान केंद्रो को क्यू लेस बनाया गया है। कलेक्टर ने मतदाताओं से अपील की है, कि तापमान को देखते हुए सुबह- सुबह मतदान प्रारंभ होते ही मतदान केंद्र पर पहुंचकर मतदान करे। कलेक्टनर ने कहा कि मतदान केंद्रो पर छाया, पानी, कूलर, वेटिंग रूम पालनाघर, सुविधाघर आदि सुविधाए उपलब्ध करवाई गई है।

# लायंस क्लब मंदसौर की नई कार्यकारिणी घोषित

## लायन अध्यक्ष जितेन्द्र पोरवाल, सचिव लायन सिद्धार्थ पोरवाल, कोषाध्यक्ष लायन सुनील बाफना मनोनीत

**मंदसौर, 12 मई गुरु एक्सप्रेस।** नामिनेशन कमेटी के संयोजक लायन बलजीतसिंह नारंग ने लायंस क्लब मंदसौर की वर्ष 2024-25 के लिये नवीन कार्यकारिणी की घोषणा की। यह कार्यकारिणी 1 जुलाई से अपनी गतिविधियां प्रारंभ करेगी।

लायंस क्लब अध्यक्ष डॉ. मजहर हुसैन ने बताया कि इस कार्यकारिणी में नवीन अध्यक्ष के रूप में लायन जितेन्द्र पोरवाल का मनोनयन किया गया। साथ ही सचिव पद के लिये लायन सिद्धार्थ पोरवाल तथा कोषाध्यक्ष लायन सुनील बाफना का चयन किया गया। यह युवा टीम आने वाले वर्ष में जोश के साथ कार्य करेगी। इसके अतिरिक्त तीन उपाध्यक्ष जिनमें प्रथम उपाध्यक्ष रत्नेश कुदार, द्वितीय डॉ. के.सी. श्रीमाल तथा तृतीय उपाध्यक्ष लायन नेमकुमार गांधी का मनोयन किया गया। मार्केटिंग कम्यूनिकेशन का कार्यभार लायन डॉ. देवेन्द्र पुराणिक को सौंपा गया। इस टीम के अन्य पदाधिकारी एवं संचालक मण्डल के सदस्य में सहसचिव डॉ. विक्रांत भावसार, टेमर मयंक गांधी, टेल टिवस्टर हर्षित सोनगरा होंगे। संचालक मण्डल में प्रेमदेव पाटीदार, आशीषसिंह मण्डलोई, विजय सुराणा, कमल संगतानी, गौरव रत्नावत, नारायणसिंह चौहान, सत्यनारायण छापरवाल, डॉ. अशोक सौलंकी मण्डल के सदस्य है। विशेष आमंत्रित सदस्य में डॉ. सौरभ मण्डवारिया व अजय लोढ़ा है। नवीन कार्यकारिणी को लायन प्रदीप कीमती, प्रवीण राठौड़, डॉ. प्रदीप चेलावत, डॉ. गोविन्द छापरवाल, डॉ. सुरेश जैन, त्रिलोकसिंह नारंग, मनोहर सोनगरा ने बधाई दी है।

# भारतीय युवा कनाडा से मतदान करने अपने गांव करजू पहुंचा

**मंदसौर, 12 मई गुरु एक्सप्रेस।** लोकसभा निर्वाचन-2024 में मतदान करने के लिये युवाओं में भारी उत्साह है देश विदेश में रहने वाले हजारों लोग अपने गांव-



अपने शहर लोकतंत्र के महायज्ञ में अपने वोट की आहुति देने पहुंच रहे है जिसमें एक नाम गांव करजू निवासी कुलदीपसिंह आंजना का भी है। कुलदीप सिंह आंजना कनाडा से मतदान करने के लिए आज भारत आये। श्री आंजना ने काफी समय से भारत नहीं आये जब उन्हें परिजन बुलाते तो वह कहते कि भारत आऊंगा तो मतदान करने आऊंगा उससे पहले नहीं आऊंगा। कुलदीपसिंह आंजना ने कहा कि लोकतंत्र इस देश की आत्मा है हिन्दुस्तान की आत्मा लोकतंत्र में बसती है। सभी भारतवासियों को इस मतदान में बढ-चढकर भाग लेना चाहिए। मतदान करना सभी का कर्तव्य है। जैसा कि विदित है श्री कुलदीप सिंह आंजना किसान नेता श्री शंकरलाल आंजना के पौत्र है और वो उज्जैन संभाग से एक मात्र विद्यार्थी है जो दो वर्ष पहले कृषि के क्षेत्र में अनुसंधान करने हेतु कनाडा गये है।

## नि:शुल्क नेत्र परीक्षण कल

**मनासा, 12 मई गुरु एक्सप्रेस।** नारायण सेवा परिवार मनासा के तत्वावधान में गोमाबाई नेत्रालय नीमच की सहयोग से दिनांक 14 मई मंगलवार को गोमाबाई विजन संटर आरएलबी चौराहा मनासा पर प्रात: 10:00 बजे से 1:00 बजे तक निशुल्क नेत्र परीक्षण, निशुल्क चश्मा हाथों हाथ एवं निशुल्क दवाई वितरण किया जाना है। नेत्र रोगी इस शिविर का लाभ ले। नारायण सेवा मनासा इस कार्य के लिए तत्पर है आप आए निशुल्क सेवा का लाभ ले। जैसा की विदित है कि नारायण सेवा विगत 22 वर्षों से नेत्र ज्योति के लिए काम कर रही है इन 22 वर्षों में लगभग 9000 मोतियाबिंद ऑपरेशन नारायण सेवा ने निशुल्क करवाए हैं। नगर की जनता एवं सहयोग करता के माध्यम से यह कार्य नारायण सेवा करती आ रही है आप कैंप में अवश्य पधारे और लाभ ले।

### **** लघु कथा ****

## स्याही

**मंदसौर, 12 मई गुरु एक्सप्रेस।** मतदान कक्ष के ईवीएम कंपार्टमेंट में जैसे ही मत देने के लिए दीनू ने अपने इच्छित अभ्यर्थी का नाम व चुनाव चिह्न ढूंढा तो उसे दिखाई नहीं दिया उसने ध्यान से देखा कि वोटिंग मशीन के पारदर्शी प्लास्टिक



चिह्न वाले एक स्थान पर स्टम्पेड की स्याही फेर कर एक अभ्यर्थी का फ़ोटो, नाम व चुनाव चिह्न छुपा दिया गया है। उसने पीठासीन अधिकारी से इसकी शिकायत की तो पीठासीन ने कहा, 'ऐसी ही मशीन हमें मिली है।'

'ऐसा कैसे हो सकता है,'' छह उम्मीदवारों की सूची आपने मतदान कक्ष के बाहर सूचना बोर्ड पर लगा रखी है तो पांच नाम इस पर कैसे।' इतने भीड़ अधिक बढ़ गई, बात तनातनी तक पहुंचने लगी, कोई बखेड़ा खड़ा न हो अत: मतदान की लाइन में लगे सत्तू ने कहा,' बहस -हंगामा खड़ा करने से तो अच्छा है कि मशीन पर लगी स्याही को मिटाकर देख लिया जाए।' पीठासीन ने उपस्थित अभिकर्ताओं के समक्ष स्याही मिटाई तो एक उम्मीदवार की जानकारी उसमें पायी गई। संभवत: दीनू के पूर्व जो मतदान करके गया उसने ऐसा किया होगा। यह मानकर सब वहां से हटे और पीठासीन ने दीनू को उसका वोट डालने के लिए कहा। दीनू इच्छित उम्मीदवार को वोट दे यह सोचता बाहर आया कि जिसने भी ऐसा किया उसे ऐसा नहीं करना चाहिए था। ये तो चुनाव है अपनी मर्जी हो उसे वोट देना है तो दूसरे उम्मीदवार के चिह्न पर स्याही फेरने का क्या तुक।

**भगवती प्रसाद गेहलोत, पिपलियामंडी**

## मतदाताओं को मतदान के लिए प्रलोभन देने व डराने धमकाने पर होगी कार्रवाई

**नीमच, 12 मई गुरु एक्सप्रेस।** लोकसभा निर्वाचन, 2024 के अन्तर्गत निर्वाचन की घोषणा की जा चुकी है। निर्वाचन क्षेत्रों में 16 मार्च 2024 से निर्वाचन समाप्ति तक के लिए आदर्श आचार संहिता लागू की गई है। कलेक्टर श्री दिनेश जैन व्दाकरा सार्वजनिक एवं लोकहित में जनसामान्य से यह अपील की गई है, कि भारतीय दण्ड संहिता की धारा-171 ख के अनुसार, जो कोई व्यक्ति निर्वाचन प्रक्रिया के दौरान किसी व्यक्ति को उसके निर्वाचक अधिकार का प्रयोग करने के लिए उत्प्रेरित करने के उद्देश्य से नगद या वस्तु रूप में कोई परितोषण देता है या लेता है तो वह एक वर्ष तक के कारावास या जुर्माने या दोनों से दण्डनीय होगा। इसके अतिरिक्त, भारतीय दण्ड संहिता की धारा-171 ग के अनुसार जो कोई व्यक्ति किसी अभ्यर्थी या निर्वाचक, या किसी अन्य व्यक्ति को किसी प्रकार की चोट पहुंचाने की धमकी देता है, वह एक वर्ष तक के कारावास या जुर्माने या दोनों से दण्डनीय होगा। उड़न दस्ते, रिश्वत देने और लेने वालों, दोनों के विरूद्ध मामले दर्ज करने के लिए और ऐसे लोगों के विरूद्ध कार्रवाई करने के लिए गठित्त किए गए हैं, जो निर्वाचकों को डराने और धमकाने में लिप्त हैं।

## ईवीएम मशीनों की होगी जीपीएस से ट्रेकिंग

**नीमच, 12 मई गुरु एक्सप्रेस।** 13 मई को मतदान सम्पन्न कराने के लिए जिला मुख्यालय स्थित राजीव गांधी स्नातकोत्तर महाविद्यालय परिसर से प्रात: 8 बजे से सामग्री वितरण का कार्यक्रम प्रारंभ हुआ। मतदान दलों ने सामग्री प्राप्त कर अपने निर्धारित मतदान केन्द्रों के लिए वाहनों के माध्यम से प्रस्थान किया। भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार लोकसभा निर्वाचन-2024 में ईव्हीएम का परिवहन करने वाले वाहनों पर ऋझ्रस्ड लगाया गया है। मतदान दलों को मतदान केन्द्र तक लाने-ले जाने में उपयोग होने वाले वाहन, सेक्टर मजिस्ट्रेट द्वारा मतदान के दिन अपने वाहनों में रिजर्व एतच का परिवहन के दौरान वाहनों पर जीपीएस लगाया गया है। जिससे वाहनों की लोकेशन ली जा सकेगी। वाहनों के ट्रेकिंग के लिए जिला मुख्यालय पर कन्ट्रोल रूम स्थापित किया गया है।

# स्वतंत्र, निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण मतदान में सेक्टर अधिकारियों की महत्वपूर्ण भूमिका है-सिद्दीकी

**नीमच, 12 मई गुरु एक्सप्रेस।** मतदान दलों को सामग्री वितरण केन्द्र पर सेक्टर अधिकारियों की डिर्पाजिल ब्रीफिंग के जनरल आब्जर्वर श्री अबु बक्क्र सिद्दीकी पी. ने सेक्टर अधिकारियों से रूबरू होते हुए कहा, कि स्वंत्रत निष्पक्ष शांतिपूर्ण सुव्यवस्थित मतदान सम्पन्न करवाने में सेक्टंर आफीसरों की महत्विपूर्ण भूमिका है। सेक्टंर अधिकारी अपने-अपने क्षेत्र में सजगता तत्परता से समय-सीमा में दायित्वों का निवर्हन करें और आयोग के निर्देशों का पालन सुनिश्चित करवाएं।

**सर्वाधिक मतदान वाले सेक्टर अधिकारी को 10 हजार रूपये का पुरस्कार:**- कलेक्टर श्री दिनेश जैन ने सेक्टर अधिकारियों को सम्बोधित करते हुए कहा, कि लोकसभा निर्वाचन में सर्वोधिक मतदान का लक्ष्य हांसिल करने वाले सेक्टर अधिकारी को 10 हजार रूपये का पुरस्कार प्रदान किया जावेगा। इस मौके पर सहायक रिटर्निंग आफीसर नीमच, जावद एवं मनासा में भी मार्गदर्शन दिया। जिला पंचायत सीईओ श्री गुरूप्रसाद ने सेक्टर अधिकारियों ने कहा कि वे अपना मोबाईल चालू रखें और मतदान केंद्रों पर ए.एम.एफ. की सुविधाएं देख लें। मतदान प्रतिशत बढाने के भी प्रयास करें। समय-सीमा मतदान में मतदान प्रतिशत की रिर्पोटिंग करें। आभार एडीएम श्रीमती लक्ष्मी गामड ने माना। मास्ट र ट्रेनर डॉ.राजेश पाटीदार ने सेक्टंर अधिकारियों को विस्तार से जानकारी दी।

## नर्सो का फूलमाला पहनाकर सम्मान किया

**मंदसौर, 12 मई गुरु एक्सप्रेस।** नर्स दिवस के अवसर पर वर्क संस्था, मन्दसौर के सदस्यों द्वारा विभिन्न अस्पतालों में जाकर नर्सों र्का फूलमाला पहनाकर सम्मान कर बधाई दी गई।

वर्क संस्था के जिला अध्यक्ष मुजफ्फर मन्सूरी ने बताया कि पैगम्बर मुहम्मद सल्ल. की शिक्षा/कथन जो बीमार की देखभाल/सेवा करने जाता है उस पर ईश्वर की दया छाई रहती है और उसके लिए सत्तर हजार फ़रिश्तें/स्वर्गदूत प्रार्थना करते है और तुम ज़मीन वालों पर दया करो आसमान वाला तुम पर दया करेगा का अनुसरण करते हुए अंतराष्ट्रीय नर्सेस दिवस पर श्री राम मोहन हॉस्पिटल, शुक्ला नर्सिंग होम और अन्य हॉस्पिटलों में जाकर मरीज़ों को सेवा दी रही नर्सेस का फूलमाला पहनाकर स्वागत सम्मान कर बधाइयाँ दी गई। इस अवसर पर सलमा, तरन्नुम, अनिल, शाहिद, फिरोज, तनूज, जाफ़र, फिरोज चाचा, मांगीलाल, आमीन, इमरान और संस्था के सदस्य मौजूद रहे।



# प्रेक्षक सिद्दीकी ने जीपीएस निगरानी एवं वेब कास्टिंग कन्ट्रोल रूम का निरीक्षण किया

**नीमच, 12 मई गुरु एक्सप्रेस।** भारत निर्वाचन आयोग के प्रेक्षक श्री अबु बकर सिद्दीकी पी.ने रविवार को कलेक्टो रेट नीमच में लोकसभा निर्वाचन के तहत स्थापित वाहनों की जी.पी.एस.निगरानी एवं वेबकास्टिंग निगरानी कन्ट्रोल रूम का अवलोकन किया और निर्वाचन में लगे वाहनों के ट्रेकिंग सिस्टम मतदान केंद्रों की वेबकास्टिंग कार्य का जायजा लिया। इस दौरान कलेक्टर श्री दिनेश जैन, जिला पंचायत सीईओ श्री गुरूप्रसाद, एडीएम श्रीमती लक्ष्मी गामड, संयुक्त कलेक्टर श्री राजेश शाह, श्री चंद्रसिह धार्वे, सुश्री किरण आंजना सुश्री मंयूरी जोक, श्री संजीव साहू व अन्य अधिकारी उपस्थित थे। कलेक्टर ने जीपीएस निगरानी स्क्रीन पर सेक्टर अधिकारियों द्वारा वाहनों से क्षेत्र के भ्रमण की जानकारी ली। उन्होनें मतदान दलों के मतदान केंद्रों पर पहुँचने का जायजा भी स्क्रीन पर लिया और जीपीएस निगरानी कक्ष में मतदान दलों के वाहनों के लोकेशन की जानकारी भी ली।

## मतदान केन्द्रों पर रहेगी विशेष चिकित्सा व्यवस्था

**मंदसौर, 12 मई गुरु एक्सप्रेस।** लोकसभा निर्वाचन 2024 हेतु मंदसौर, मल्हारगढ, सुवासरा एवं गरोठ क्षेत्र में 13 मई को मतदान सम्पन्न होगा। मतदान के द्वौरान चिकित्सा व्यवस्थाओं के लिये चिकित्सक, फार्मासिस्ट, स्टाफ नर्स एवं एम्बूलेंस की व्यवस्था निर्धारित स्वास्थ्य केंद्र पर रहेगी। जिसकी मॉनिटरिंग मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी, मंदसौर करेंगे।

## सभी मोबाईल टॉवर कंपनियों को मोबाईल टॉवर की फ्रीकवेंसी बढ़ाने के निर्देश

**नीमच, 12 मई गुरु एक्सप्रेस।** उप जिला निर्वाचन अधिकारी श्री संजीव शाहू ने बताया कि लोकसभा निर्वावन 2024 के तहत 13 मई को नीमच जिले की नीमच, जावद एवं मनासा विधानसभा क्षेत्र के 743 मतदान केंद्रों पर मतदान होगा। भारत निर्वाचन आयोग नई दिल्ली व्दानरा क्रिटीकल मतदान केंद्रों पर सुरक्षा की दृष्टित से वेबकास्टिंग का कार्य किया जा रहा है। उप जिला निर्वाचन अधिकारी ने नीमच जिले में आने वाली सभी मोबाईल नेटवर्क टॉवर कंपनियों के प्रबंधकों को निर्देशित किया है, कि वे मतदान दिवस 13 मई को नीमच जिले में संचालित अपने मोबाईल नेटवर्क टॉवर फ्रीकवेंसी को निर्धारित मापदण्डत के अनुसार बढाए, जिससे कि जिले के सभी मतदान केंद्रों पर नेटवर्क की कोई समस्या उत्पन्न ना हो।




## मतदान करों, मतदान करों



मिला है मौका
लगाओ चौका
अपना प्रतिनिधि
शासन में तैयार करों।
13 में भूल न जाना
अपने बूथ पर जाना
मतदाता पर्ची ले जाना
सुबह-सुबह यह काम करों।
फोटो युक्त अन्य हमारे
12 वैकल्पिक दस्तावेज
ले जाना इनमें से कोई एक
मताधिकार का सम्मान करों।
मतदान करों, मतदान करों।

**नंदकिशोर राठौर, मंदसौर**



**खुले कपाट–** भगवान बद्रीनाथ धाम के कपाट श्रद्धालुओं के लिए खोल दिए गए। भक्त अगले 6 माह तक श्री बद्री विशाल के दर्शन कर सकेंगे।

### जिले के सभी 4 विधानसभा क्षेत्रों के 1137 मतदान केन्द्रों के लिए...

# सामग्री लेकर दल रवाना, बुथों पर पहुंचे मतदान दल

### कलेक्टर ने अपनी देख-रेख में सामग्री वितरित करवाई, प्रेक्षक ने भी व्यवस्था का निरीक्षण किया





**मंदसौर, 12 मई गुरु एक्सप्रेस।** लोकसभा निर्वाचन – 2024 के तहत 13 मई को होने वाले निर्वाचन के मतदान के लिए रविवार को जिले के सभी 4 विधानसभा क्षेत्रों के निर्धारित मतदान केन्द्रों के लिए सामग्री लेकर मतदान दल रवाना हुए। सुबह 8 बजे से सामग्री वितरण कार्य कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री दिलीप कुमार यादव की देखरेख में मतदान दलों को रवाना किया। प्रेक्षक ने मतदान सामग्री वितरण की सुगम व्यवस्था का निरीक्षण किया और संतोष व्यक्त किया। इस दौरान सामान्य प्रेक्षक श्री अबूबक्कर सिद्दीकी, कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री दिलीप कुमार यादव, पुलिस अधीक्षक श्री अनुराग सुजानिया, उप जिला निर्वाचन अधिकारी श्री रविन्द्र परमार, एडिशनल एसपी श्री गौतम सिंह सोलंकी मौजूद थे।

मतदान सामग्री वितरण स्थल पीजी कॉलेज मंदसौर, सीतामऊ एवं गरोठ में सभी 4 विधानसभा क्षेत्रों की मतदान सामग्री वितरण की सुगम व्यवस्था की गई थी। मतदान दलों को सामग्री मतदान केन्द्र वार लगाए गए टेबल पर ही उपलब्ध करवाई गई। मतदान दलों ने जिला प्रशासन की सुगम व्यवस्था पर संतोष व्यक्त किया। मतदान दलों को वीवीपेट, बैलेट यूनिट और कंट्रोल यूनिट भी उनके टेबल पर ही पहुँचाई गई जिससे किसी भी तरह की परेशानी नहीं हुई। लगभग 11 बजे से मतदान दलों और पुलिस बल को लेकर वाहन मतदान केन्द्रों के लिए रवाना होने शुरू हुए। सामग्री वितरण के लिए काउंटर बनाए गए थे। इन काउंटर के सामने ही मतदान केन्द्र पर टेबल लगाई गई थी जहाँ मतदान दलों ने सामग्री प्राप्त की और मिलान भी किया। कलेक्टर श्री यादव द्वारा सामग्री वितरण स्थल का निरीक्षण एवं सामग्री वितरण की व्यवस्थाओं का अवलोकन किया गया। कलेक्टर ने विधानसभा क्षेत्रों के काउंटर की व्यवस्थाओं का जायजा लिया और मतदान दल में लगे अधिकारियों तथा कर्मचारियों से चर्चा कर उनका उत्साहवर्धन किया। कलेक्टर ने प्रेक्षकों को भी संपूर्ण व्यवस्था का निरीक्षण करवाया। मतदान केन्द्रों में इन दलों का पहुँचना भी प्रारंभ हो गया है। मतदान सामग्री वितरण का कार्य पारदर्शी और सुगम तरीके से संपन्न हुआ।




## हर गली गलियारें में है मत पर्व की गूंज

**मंदसौर, 12 मई गुरु एक्सप्रेस।** कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री दिलीप कुमार यादव के मार्गदर्शन में संपूर्ण जिलें कों लोकतंत्र के त्यौहार को 13 मई को धूमधाम से सभी की सहभागिता सें मनाये जाने हेतु विविध प्रयास किये जा रहे है। घर-घर जा कर लोगों को मतदान का महत्व बताया जा रहा है एवं मतदान करने के लिये प्रेरित किया जा रहा है। हर नजर हर सोच में मतदान का कर्तव्य बोध लाने हेतु संदेश प्रदर्शित किये जा रहे है, बोले जा रहे है, सुनाये जा रहे है एवं दिखाये जा रहे है। मतदाता जागरूकता रैलिया, दिवारों में प्रेरणा दायक नारें या कला मण्डिलयों के लोक गीत, रंगोली की आकर्षक प्रस्तुति, हर जगह मत पर्व की गूंज है। जिला प्रशासन नें संदेश दिया है की 13 मई को सब चल कर मतदान करें।

## मतदाता की समझदारी रंग लायेगी देश को खुशहाल बनायेगी

**मंदसौर, 12 मई गुरु एक्सप्रेस।** लोकतंत्र में मतदाता की राय सर्वोपरि है। उनके मत से ही जनप्रतिनिधियो का चयन होता है। मतदान के माध्यम से जितनी अधिक मतदाता की भागीदारी होगी उतना ही लोक तंत्र मजबूत बनेगा तथा उपयुक्त अभ्यर्थी का चयन हो सकेगा। मतदाता की समझदारी रंग लाएगी – देश को खुशहाल बनायेगी। भारत निर्वाचन आयोग द्वारा घोषित कार्यक्रम में 13 मई को होने वाले लोकसभा निर्वाचन 2024 के मतदान में अपनी भागीदारी निभाकर समझदारी का परिचय दें।

## लोक तंत्र में मतदान मतदाता का अधिकार, इसे नही करें बेकार

**मंदसौर, 12 मई गुरु एक्सप्रेस।** लोक तंत्र में मतदान मतदाता का सबसे बड़ा अधिकार है। मतदाता को इस अधिकार का उपयोग अवश्य करना चाहिए, इससे लोकतांत्रिक व्यवस्था की जड़े और अधिक मजबूत होती है। मतदाता जागरूकता के अंतर्गत मतदाताओ को अनिवार्य रूप से मतदान करने की शपथ भी दिलाई जा रही है। सभी उम्र के मतदाता चाहे वे युवा हो या चाहे बुजुर्ग अथवा ऐसे मतदाता जो पहली बार निर्वाचन में मतदान के लिए तैयार है सभी मतदाता जागरूकता में सहभागिता निभा रहे है।

## मतदान दिवस पर केन्द्रों में अनिवार्य न्यूनतम सुविधायें मिलेगी

**मंदसौर, 12 मई गुरु एक्सप्रेस।** भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार मतदान दिवस पर केंन्द्रों में रैम्प, पीने के पानी, आवश्यक फर्नीचर, मेडिकल किट, आवश्यक विद्युत, हेल्प डेक्स, उपयुक्त संकेतक, शौचालय, छाया, मतदाता के साथ आयें बच्चों के लिए शिशु-गृह, दिव्यांगजनों के लिए परिवहन तथा स्वयंसेवकों की व्यवस्था की जायेगी। प्राप्त जानकारी के अनुसार मतदान केन्द्रों में न्यूनतम सभी प्रकार की व्यवस्थाऐं सुनिश्चित करने के निर्वाचन आयोग के निर्देश हैं। जिला निर्वाचन अधिकारी ने सभी सेक्टर अधिकारियों एवं संबंधित को सभी मतदान केन्द्रों में आवश्यक व्यवस्थाऐं सुनिश्चित करने के निर्देश दिये हैं।

## मतदाता सूची में नाम देखने करें एसएमएस या कॉल

**मंदसौर, 12 मई गुरु एक्सप्रेस।** लोकसभा निर्वाचन-2024में सिर्फ वही लोग मतदान कर सकेगे जिनका नाम मतदाता सूची में दर्ज होगा। किसी व्यक्ति का नाम वोटर लिस्ट में है कि नहीं इस बात की पुष्टिकरने के लिए कोई भी व्यक्ति वोटर हेल्पलाइन 1950 नम्बर पर फोन लगाकर जानकारी ले सकता है। इसके अलावा वोटर हेल्पलाइन एप डाउनलोड कर भी इस संबंध में जानकारी प्राप्त की जा सकती है। इसके अलावा किसी व्यक्ति को यदि अपना ईपिक नम्बर याद है तो वह 1950 नम्बर पर अपना ईपिक नम्बर एसएमएस कर जानकारी ले सकता है। भारत निर्वाचन आयोग का नेशनल वोटर सर्विस पोर्टल एनव्हीएसपी भी मतदाताओं के लिए अत्यन्त उपयोगी है। इस ऐप के माध्यम से ही मतदाता सूची में अपना नाम कोई भी व्यक्ति ढूंढ सकता है।

## विश्व के सबसे बड़े लोकतंत्र के महापर्व में सहभागिता करें– संभागायुक्त

**उज्जैन, 12 मई गुरु एक्सप्रेस।** संभागायुक्त श्री संजय गुप्ता ने उज्जैन संभाग के समस्त मतदाताओं से अपील की है कि वे सोमवार 13 मई को लोकसभा निर्वाचन-2024 के अन्तर्गत मतदान दिवस पर अपने मत का प्रयोग कर विश्व के सबसे बड़े लोकतंत्र के महापर्व में सहभागिता करें। संभागायुक्त ने कहा कि मतदाता अपने मताधिकार का प्रयोग अवश्य करें। मतदान का समय प्रात: 7 से शाम 6 बजे तक रहेगा। मतदान के लिये जाते समय अपने साथ निर्वाचन आयोग द्वारा निर्धारित किये गये पहचान-पत्रों में से कोई भी एक पहचान-पत्र अवश्य ले जायें।

## पासधारी मीडियाकर्मी अपना पहचान पत्र भी साथ में रखे

**मंदसौर, 12 मई गुरु एक्सप्रेस।** लोकसभा निर्वाचन-2024 में मीडिया प्रतिनिधियों को मतदान केन्द्र में प्रवेश के लिये निर्वाचन आयोग द्वारा प्राधिकार पत्र जारी किये गये हैं। मीडिया के जिन प्रतिनिधियों के पास प्राधिकार पत्र पर उनके फोटो के साथ जिला निर्वाचन अधिकारी के हस्ताक्षर हैं, उन्हें मतदान केन्द्रों में प्रवेश की अनुमति है। भारत निर्वाचन आयोग के प्राधिकार पत्र में स्पष्ट किया गया है कि मतदान केन्द्र के भीतर किसी भी प्रकार का साक्षात्कार आदि लेना सख्त मना है। इस प्राधिकार पत्र के धारक को निर्वाचन कार्य में लगे अधिकारियों तथा ड्यूटी में तैनात पुलिस अधिकारियों के निर्देशों का पालन करना होगा। यह प्राधिकार पत्र अहस्तान्तरणीय है। सहज पहचान के लिये अपने संस्थान का परिचय कार्ड अथवा पहचान पत्र भी रखना होगा।

## बिना लाइन में लगे वोट डाल सकेंगे दिव्यांग मतदाता

**मंदसौर, 12 मई गुरु एक्सप्रेस।** लोकसभा निर्वाचन 2024में अधिक से अधिक दिव्यांग मतदाता अपने मताधिकार का उपयोग कर सकें इसके लिए निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार क्षेत्र में विशेष व्यवस्थायें की जा रही हैं। दिव्यांग मतदाताओं के लिए प्रत्येक मतदान केन्द्र में जहां रैम्प बनाये गये हैं, वहीं व्हीलचेयर एवं ट्राइसाइकिल की उपलब्धता भी सुनिश्चित की जा रही है। दिव्यांग मतदाताओं को मतदान में किसी तरह की असुविधा न हो इसके लिए उन्हें विशेष छूट देते हुए तीन पहिया वाहन सीधे मतदान कक्ष तक जाने की अनुमति दी जायेगी। दिव्यांग मतदाताओं को बिना कतार में लगे सीधे मतदान करने की अनुमति भी होगी। दिव्यांग मतदाताओं को मतदान केन्द्र तक आने-जाने के लिए वाहन सुविधा भी उपलब्ध कराई जायेगी। दिव्यांग मतदाताओं के अलावा निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार बुजुर्ग मतदाताओं और गर्भवती मतदाताओं के लिए भी विशेष व्यवस्थायें की गई हैं।

# आज एमपी में 16 जिलों में 8 सीटों पर होगा मतदान

**भोपाल, 12 मई गुरु एक्सप्रेस।** एमपी मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी अनुपम राजन की प्रेस कांफ्रेंस में बताया कि 13 मई को एमपी में 16 जिलों में 8 लोकसभा सीटों पर मतदान होगा।रतलाम, धार, इंदौर, उज्जैन, खरगौन, मंदसौर, खंडवा और देवास लोकसभा सीट पर होगा मतदान। 8 लोकसभा सीटों कुल 74 कैंडिडेट हैं जिसमें सबसे ज्यादा 69 पुरुष और 5 महिला शामिल हैं। इंदौर में सबसे ज्यादा कैंडिडेट 14, खरगौन में सबसे कम 05 कैंडिडेट हैं।

आज मतदाता दल रवाना हो रहे हैं 80 से 90 मतदाता दल रवाना हो चुके हैं। चौथे चरण के मतदान में शामिल होंगे 1 करोड़ 63 लाख 70 हजार 654 मतदाता। दिव्यांग मतदाता 1 लाख 53 हजार 324 हैं। 85 साल+ मतदाता - 87 हजार 979 हैं। 100 साल+ मतदाता - 2 हजार 231 हैं। 18 से 19 साल के मतदाता - 5 लाख 2 हजार 219 मतदाता हैं। 20 से 29 साल के मतदाता की संख्या 40 लाख 5 हजार 121 मतदाता है। 49 हजार 400 मतदाता ने घर से वोटिंग की। 8 लोकसभा में 18 हजार 007 मतदान केंद्र बनाए गए हैं। क्रिटिकल मतदान केंद्र की संख्या 3 हजार 080 है। पिंक मतदान केंद 2 हजार 001 है। दिव्यांग कर्मचारियों द्वारा संचालित मतदान केंद्र 66 हैं। गर्मी को देखते हुए मतदान केंद्र पर पानी, छाया और आम पने जैसी व्यवस्था की गई हैं। इस बर 61 हजार से ज्यादा आर्म्स लाइसेंस जब्त किए गए हैं। 191 फ्लाइंग स्कॉट काम कर रही हैं। 1788 सेक्टर ऑफिसर बनाए गए हैं। अभी तक 296 .44 करोड़ रुपए की सामग्री जब्त की गई है। कैश 23.04 करोड़ रुपए, शराब 46.89 करोड़ रूपये, सोना चांदी करीब 15 .15 करोड़ रूपए समेत अन्य सामग्री जब्त हुई हैं। एप के माध्यम से 4 हजार 599 शिकायतें हैं जिनका निराकरण किया गया है। पिछली बार लोकसभा चुनाव में 71.16 प्रतिशत मतदान हुआ था इस बार हमारी कोशिश है उससे ज्यादा हो। 100 मी. के दायरे में मोबाइल फोन चलाना प्रतिबंधित है पहले भी कार्रवाई की गई है आगे भी की जाएगी।

**पोलिंग बूथ में बच्चों को ले जाकर वोट डलवाने और फोटो खिंचवाने वालों के ख़िलाफ़ चुनाव आयोग हुआ सख्त** –भोपाल में जिला पंचायत सदस्य विनय मेहर के द्वारा बच्चे को ले जाकर वोट डालना एवं वीडियो बनाने पर कार्रवाई की गई है। पूर्व मंत्री और विधायक के ख़िलाफ़ होगी कार्रवाई। पूर्व मंत्री कमल पटेल के ख़िलाफ़ और विधायक आरिफ़ मसूद के ख़िलाफ़ चुनाव आयोग करेगा कार्रवाई। कमल पटेल और आरिफ़ मसूद ने बच्चे को ले जाकर बच्चों से वोट डलवाने के बाद खिंचवाया था ।

# आप लोकतंत्र के संरक्षक हैं, मतदान जरूर करें

### मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी राजन ने की मतदाताओं से अपील

**मंदसौर, 12 मई गुरु एक्सप्रेस।** लोकसभा निर्वाचन-2024 के चौथे और प्रदेश में अंतिम चरण में शेष 8 लोकसभा संसदीय क्षेत्रों में 13 मई को मतदान होना है। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी श्री अनुपम राजन ने सभी मतदाताओं से मतदान जरूर करने का आग्रह किया है। उन्होने कहा है आप (मतदाता) लोकतंत्र के संरक्षक हैं इसलिए मतदान जरूर करें। आप प्रदेश के जिम्मेदार नागरिक हैं एवं सदैव अपने कर्तव्यों का निर्वहन करते रहे हैं। लोकतंत्र में हर एक वोट महत्वपूर्ण है। आपका वोट लोकतंत्र को मजबूत करेगा। आपसे आग्रह है कि आप अपने परिवार के समस्त मतदाताओं के साथ वोट देने अपने मतदान केन्द्र पर अवश्य जाएं।

श्री राजन ने बताया कि मतदाताओं की सहूलियत के लिए मतदान केंद्रों पर सभी व्यवस्थाएँ सुनिश्चित की गई हैं। गर्मी को देखते हुए मतदान केन्द्रों में छाया, पानी और आवश्यक दवाइयों की व्यवस्था भी की गई है। उन्होंने कहा कि मतदान करने जाते समय मतदाता अपनी पहचान के लिए एक फोटोयुक्त शासकीय परिचय पत्र जरूर ले जायें। जिन मतदान केन्द्रों में मतदाताओं की संख्या अधिक है, वहाँ अतिरिक्त कर्मचारियों की ड्यूटी लगायी गयी है, जिससे मतदाताओं को अधिक समय तक इंतजार न करना पड़े।

## आज अनिवार्य रूप से मतदान करें – कलेक्टर

**मंदसौर, 12 मई गुरु एक्सप्रेस।** लोकसभा निर्वाचन 2024 के अंतर्गत 13 मई को मतदान होगा। मतदान प्रात: 7 बजे से शाम 6 बजे तक चलेगा। सभी मतदाताओं से अनुरोध किया जाता है कि प्रात: 7 बजे से शाम 6 बजे तक अनिवार्य रूप से मतदान करने के लिए जाए। मतदाता अपने विवेक का उपयोग करते हुए निष्पक्ष एवं नैतिक मतदान कर लोकतंत्र की मजबूती में सहभागिता करे। सभी नागरिको, भाइयों और बहनों आप सभी निर्भीक, निडर होकर अपने मताधिकार का प्रयोग करें। निर्वाचन आयोग द्वारा दिव्यांग मतदाताओं के लिए व्हीलचेयर की व्यवस्था की गई है, साथ ही बुजुर्ग व गर्भवती महिलाओं को पहले मताधिकार का प्रयोग करने का अधिकार प्रदान किया गया है।



## कलेक्टर एवं एसपी ने किया नीमच शहर के मतदान केन्द्रों का निरीक्षण

**नीमच, 12 मई गुरु एक्सप्रेस।** नीमच जिले में स्वतंत्र निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण सुव्यवस्थित मतदान संपन्न करने के लिए मतदान सामग्री के साथ सभी मतदान दल मतदान केंद्रोपर पहुंच गए हैं।

कलेक्टर नीमच श्री दिनेश जैन एवं पुलिस अधीक्षक श्री अंकित जायसवाल ने रविवार को नीमच शहर के बघाना, नीमच कैंट एवं नीमच सिटी क्षेत्र के विभिन्न मतदान केंद्रो का आकस्मिक निरीक्षण कर मतदान दलों के सदस्यों के मतदान केदो पर पहुंचने का जायजा लिया। कलेक्टर एवं एसपी ने मतदान केंद्रो पर सुरक्षा की व्यवस्था, सुचारू मतदान के लिए व्यवस्था, मतदाताओं के लिए छाया, कूलर, टेंट, व्हीलचेयर आदि के प्रबंधो का मौके पर अवलोकन किया ।कलेक्टर ने मतदान दलों व सुरक्षा जवानों के लिए पर्याप्त पेयजल चाय नाश्ता एवं भोजन की व्यवस्था करने के निर्देश भी संबंधितों को दिए कलेक्टर ने निर्देश दिए कि सभी बीएलओ यह सुनिश्चित करें कि मतदान केंद्र की 200 मीटर की परिधि में कोई भी मतदाता या व्यक्ति मोबाइल के साथ प्रवेश न कर पाए। उन्होंने गर्मी को देखते हुए सभी आवश्यक व्यवस्थाएं मतदान केंद्र पर सुनिश्चित करने के निर्देश भी संबंध स्थानीय निकायों के अधिकारियों को दिए हैं।

## वोटर टर्नआउट एप देगा मतदान प्रतिशत की जानकारी

**मंदसौर, 12 मई गुरु एक्सप्रेस।** निर्वाचन आयोग ने मतदान प्रतिशत की जानकारी उपलब्ध कराने के लिए मोबाईल एप Voter turnout बनाया है। इसे गूगल प्ले स्टोर से डाउनलोड किया सकता है। एप से विभिन्न लोकसभा क्षेत्रों के मतदान की अद्यतन स्थिति प्राप्त की जा सकेगी।

# नीमच जिले में 6 लाख 15 हजार 302 मतदाता करेगें अपने मताधिकार का उपयोग



**नीमच, 12 मई गुरु एक्सप्रेस।** लोकसभा निर्वाचन-2024 के तहत आज 13 मई 2024 सोमवार को प्रात: 7 बजे से शाम 6 बजे तक होने वाले मतदान स्वतंत्र, निष्पक्ष, शांतिपूर्ण एवं सुव्यवस्थित मतदान के लिए सभी आवश्यक तैयारियॉ पूर्ण कर ली गई है। कलेक्टर एंव जिला निर्वाचन अधिकारी श्री दिनेश जैन एवं पुलिस अधीक्षक श्री अंकित जायसवाल के मार्गदर्शन में लगभग 5 हजार 500 मतदान कर्मी एवं लगभग 2 हजार पुलिस सुरक्षा बल तैनात किए गए है। मतदान सामग्री का वितरण कर उन्हे निर्धारित वाहनों एवं रूट से संबंधित मतदान केन्द्रों के लिए पर्याप्त सुरक्षा जवानों के साथ रवाना कर दिया गया है। जिला निर्वाचन अधिकारी श्री दिनेश जैन , पुलिस अधीक्षक श्री अंकित जायसवाल, जनरल आर्ब्जवर श्री अबु बक्कर सिद्दीकी पी.,जिला पंचायत सीईओ श्री गुरूप्रसाद एवं एडीएम श्रीमती लक्ष्मी गामड एवं अन्य अधिकारियों ने मतदान दलों को मतदान सामग्री वितरण कार्य का जायजा लिया। जिले में कुल 743 मतदान केन्द्रों पर कुल 6 लाख 15 हजार 302 मतदाता अपने मताधिकार का प्रयोग करेंगे। इनमें 3 लाख 11 हजार 707 पुरूष एवं 3 लाख 3 हजार 588 महिला मतदाता एवं 7 अन्य मतदाता शामिल है। जिले में कुल 743 मतदान केन्द्रों में से 201 क्रिटीकल श्रेणी के मतदान केन्द्र है। मतदान के दिन मतदान केन्द्रों का सतत भ्रमण कर स्वतंत्र, निष्पक्ष, शांतिपूर्ण एवं सुव्यवस्थित मतदान सुनिश्चित करने हेतु 71 सेक्टसर अधिकारी एवं 71 पुलिस सेक्टरर अधिकारी तैनात किए गए है। क्रिटीकल 201 मतदान केन्द्रों और 244 सामान्य मतदान केन्द्रों पर वेबकॉस्टींग की गई है। कलेक्टर श्री दिनेश जैन के मार्गदर्शन में सभी मतदान केन्द्रों पर स्वच्छ पेयजल, छांया ,वेटिंग रूम, सुविधाघर, दिव्यांगों के लिए व्हीरलचेयर ट्रायसिकल, आदि को सुनिश्चित करने के लिए कर्मचारियों को तैनात किया गया है।

# पांच दिवसीय आद्य शंकराचार्य जयंती महोत्सव पूर्ण



**भानपुरा, 12 मई गुरु एक्सप्रेस।** भगवान आद्य शंकराचार्य की जयंती ज्योतिर्मठ अवान्तर भानपुरा पीठ शंकराचार्य मठ में धूमधाम से मनाई गई।

पांच दिवसीय आद्य शंकराचार्य जयंती महोत्सव अन्तर्गत आज 12 मई को प्रात: 8 बजे शंकराचार्य मठ में वैदिक मंत्रों से पूजन-अर्चन किया गया। तत्पश्चात् आद्य शंकराचार्य भगवान की शोभायात्रा नगर के प्रमुख मार्गों से होती हुई यशवंतराव होल्कर छत्री पर पहुंची, वहां से जगद्गुरू शंकराचार्य स्वामी ज्ञानानंदजी तीर्थ एवं स्वामी श्री वरूणेन्द्रजी तीर्थ युवाचार्य ने पूजन अर्चन किया। जहां से शोभायात्रा रेवा तट स्थित आद्य शंकराचार्य सांस्कृतिक भवन पहुंचकर धर्मसभा में परिवर्तित हुई। धर्मसभा में पूज्य शंकराचार्य स्वामी श्री ज्ञानानंदजी तीर्थ एवं युवाचार्य स्वामी श्री वरूणेन्द्रजी तीर्थ ने आशीर्वचन प्रदान किए। स्वामीश्री ज्ञानानंदजी तीर्थ ने कहा कि हमें सनातन के सिद्धान्तों को जीवन में आत्मसात करना होगा। आपने युवा पीढी को नशे से दूर रहकर समाज, धर्म और देश की सेवा करने का संदेश दिया। आपने आमजन से अधिक से अधिक पौधारोपण कर पर्यावरण को शुद्ध और संरक्षित करने का भी संदेश दिया। स्वामी श्री वरूणेन्द्रजी तीर्थ युवाचार्य ने सनातन धर्म की वैदिक पद्धतियों का वैज्ञानिक एवं युगानुकुल महत्व प्रतिपादित किया। आद्य शंकराचार्य भगवान ने वैदिक सनातन परम्पराओं को पुर्नस्थापित किया। गुरु ने सदैव सामाजिक, आर्थिक, राजनैतिक, धार्मिक और आध्यात्मिक क्षेत्रों का समन्वय किया है। आद्य शंकराचार्य ने सुधन्वा को चक्रवर्ती सम्राट बनाया था। आधुनिक वैज्ञानिकों और इतिहासकारों ने जगद्गुरू शंकराचार्य के कृतित्व को छुपा दिया। इस अवसर पर विप्र फाउण्डेशन परिवार झालावाड, सर्व ब्राम्हण समाज बकानी झालावाड, वाग्देवी संस्कृति परिषद भानपुरा, सर्व ब्राम्हण समाज झालावाड एवं इतिहासकार डॉ. प्रद्युम्न भट्ट ने युवाचार्य स्वामी श्री वरूणेन्द्रजी तीर्थ का शॉल-श्रीफल एवं अभिनंदन भेंट कर अभिनंदन किया। साथ ही रामगंजमण्डी, बकानी, भवानीमण्डी, कोटा के श्रद्धालुभक्तों ने युवाचार्य स्वामी श्री वरूणेन्द्र तीर्थ को नवीन वाहन स्कॉर्पियो भी भेंट किया।


**आवश्यकता है**

रेडीमेड कपड़ों की दुकान के लिए

**सेल्समेन** की आवश्यकता है

वेतन योग्यतानुसार

**दिलीप स्टोर्स**

कालाखेत, मंदसौर, मो.-8839455308


स्वत्वाधिकारी, सम्पादक, प्रकाशक, मुद्रक आशुतोष नवाल के लिए गुरु मीड्यिा एण्ड इंटरटेनमेन्ट कम्पनी, शक्ति नगर मन्दसौर से मुद्रित एवं 77 लक्ष्मीनगर, वेदान्त विहार मन्दसौर से प्रकाशित। (हर प्रकार के विवाद का न्याय क्षेत्र मन्दसौर रहेगा) संपादक– आशुतोष नवाल RNI-MPHIN2006/20356
समाचार पत्र में छपे विज्ञापनों के लिए समाचार पत्र उत्तरादायी नहीं है एवं विज्ञापनो में प्रकाशित विचार विज्ञापनदाता की निजी राय है। इससे समाचार पत्र का कोई संबंध नहीं है। फोन 495831, मो. 9425105927,28 ashugurumds@gmail.com, ashu_guru2@yahoo.co.in